मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-109
13/03/2020

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कोरोना वायरस से संबंधित तैयारियों को लेकर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

पटना, 13 मार्च 2020 :– 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोरोना वायरस से संबंधित तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री संजय कुमार ने अपने प्रस्तुतीकरण में कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति से बचाव एवं प्रभावित होने की स्थिति में इलाज हेतु की गई तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में कोरोना से बचाव के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। इसके साथ ही इसे लेकर क्या कदम उठाए जाने चाहिए, इस संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि कोरोना वायरस से लोगों को न घबराने की जरुरत है और न ही डरने की जरुरत है। कोरोना वायरस को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से सतर्क है। लोगों को इस संबंध में जागरुक किया जा रहा है। राज्य में साढ़े 8 करोड़ लोगों के पास मोबाइल है, उसके माध्यम से एवं अन्य संचार माध्यमों से इस बीमारी के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस वायरस को लेकर सरकार की पूरी तैयारी है और इसके लिए जरुरी उपाय भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में विदेश से आने वाले लोगों का पटना और गया एयरपोर्ट पर अच्छे से स्क्रीनिंग कराएं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन एवं गृह श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण श्री अतुल प्रसाद, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव श्री उदय सिंह कुमावत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के सचिव सह सी0ई0ओ0 राज्य स्वास्थ्य सुरक्षा समिति श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के संयुक्त सचिव श्री मनोज कुमार, राज्य परिवहन आयुक्त श्रीमती सीमा त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उच्चस्तरीय बैठक में लिए गए निर्णयों के संबंध में मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार ने पुराना सचिवालय के सभाकक्ष में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमण की स्थिति बन सकती है। इसके उपायों एवं तैयारियों को लेकर आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 31 मार्च तक सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। सरकारी स्कूल के शिक्षकों को स्कूल में उपस्थित रहना होगा। सी0बी0एस0ई0 की जो परीक्षा करायी जा रही है, वो होते रहेंगे। लोकल लेवेल पर, स्कूल लेवेल पर, यूनिवर्सिटी लेवेल पर होने वाली परीक्षाओं को स्थगित करने का हमलोग

ऑथोरिटी से अनुरोध करेंगे। सरकारी स्कूलों में मिड–डे मील की राशि की गणना कर सीधे उनके खाते में 31 मार्च से पहले राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र भी 31 मार्च तक बंद रहेंगे और वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के खाते में भोजन की राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाएं मिलती रहेंगी। 22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को तत्काल स्थगित कर दिया गया है और इसके आयोजन पर अप्रैल माह में निर्णय लिया जा सकता है। खेल संबंधित होने वाले आयोजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी स्थगित रहेंगे। सभी प्रकार के आयोजन स्थलों की बुकिंग रद्द कर दी गई है। राज्य के सभी पार्कों, जू एवं म्यूजियम भी 31 मार्च तक बंद रहेंगे। कार्यालय में भी भीड़भाड़ कम करने पर विचार किया जा रहा है और कार्यालय प्रभारी के माध्यम से कार्य की प्रकृति के अनुसार अल्टरनेट व्यवस्था करने पर विचार किया जा रहा है। बिहार में 142 मरीजों को ऑबजर्वेशन में रखा गया था, जिसमें से 73 को डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब तक कोई भी केस कन्फर्म नहीं हुआ है।

इंडो–नेपाल बॉर्डर पर स्क्रीनिंग और सख्त किया जा रहा है। वहां पर 49 मेडिकल कैंप खोले गए हैं। इंडो–नेपाल सीमा पर आवागमन पर पुख्ता चेकिंग के अलावा मेडिकल चेकिंग भी की जाएगी। सरकारी अस्पतालों में 100 अतिरिक्त वेंटिलेटर की व्यवस्था की जा रही है। इस वायरस के टेस्टिंग की व्यवस्था आर0एम0आर0आई0 हॉस्पीटल के साथ–साथ अब एम्स, पी0एम0सी0एच0, आई0जी0आई0एम0एस0 में भी की गई है। 31 मार्च तक बिहार के सभी सिनेमा हॉल भी बंद रहेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि लोग पब्लिक गैदरिंग से बचें, अपने घर में ही रहने की ज्यादा कोशिश करें क्योंकि इस वायरस के संक्रमण से तेजी से बीमारी फैलती है।

****